हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 24 दिसंबर 2023
[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 गंगाजल पीकर हिंदू धर्म में लौटे दर्जनों गांव के लोग



07 हिल स्टेशन की सुरम्यवादियों में होगा नए...



सर्दी में स्वस्थ रहने के लिए लोग उपयोग कर रहे गुड़ व गुड़ से बनी गजक और अन्य सामग्री

# नया वैरिएंट: सर्दी, खांसी, बुखार को हल्के में न लें, डॉक्टर से परामर्श लें

केरल के बाद प्रदेश में भी कोरोना के नए वेरिएंट के मरीज मिलने लगे है। हालांकि जिले में अभी मरीज नहीं है ऐसे में सर्दी-खांसी, बुखार को लोग हल्के में ले और चिकित्सकों की सलाह का उपयोग करे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

दिन और रात के तापमान में कई दिनों से आ रहे अंतर से लोग वायरल इन्फेक्शन से पीड़ित होने लगे है। जिसमें बच्चों की संख्या सर्वाधिक है। मौसम की मार वायरल के प्रभाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल रहा है। वायरल के साथ सर्दी, खांसी और बुखार के लक्षण तेजी से बने हुए है। इसमें हर उम्र के लोग शामिल है। हालात यह हो गए है कि इन दिनों ओपीडी में भी इन्ही मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। चिकित्सकों का कहना है कि अगर बुखार तीन दिनों तक अगर बना हुआ है तो इसे हल्के में न ले। डॉक्टर से संपर्क करके अपनी बीमारी को बताए। यह कोरोना भी हो सकता है। प्रदेश के कई शहरों में अब कोरोना के मरीज मिलने लगे है। ऐसे में यह बीमारी घातक भी हो सकती है। जिला मुख्यालय सहित जिले में अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर फीवर क्लीनिक को अलर्ट मोड़ रखा गया है। हालांकि जिले में कोरोना से मिलते जुलते लक्षणों वाले मरीज नहीं होने से अभी फीवर क्लीनिकों का संचालक प्रतिदिन नहीं हो रहा है।

### सावधानी बरतें

- मास्क का इस्तेमाल जरूर करें।
- बीमारी से बचाव के लिए ताजा खाना खाए।
- जहां तक हो सके गुनगुना पानी ही पिए।
- किसी भी ठंडी चीज खाने से परहेज करे।
- ठंडी हवाओं से बचाव करें।

### मरीज मिले तो कोरोना फीवर क्लीनिक होंगे शुरू

केरल सहित प्रदेश में कोरोना के संक्रमित मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। जिला एपिडिमियोलॉजिस्ट आईडीएसपी आर एस चौहान ने बताया कि अभी घबराने की जरूरत नहीं है लेकिन एहतियातन फीवर क्लीनिकों का संचालन मरीज मिलते ही किया जाएगा। अभी जिले में कोरोना से मिलते जुलते लक्षणों वाले मरीज भी नहीं है। सभी ब्लॉक के मेडिकल ऑफिसरों को सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार ने आदेश जारी कर दिए है।



### गजक बनी पहली पसंद, बाजार महकने लगे

शहर में इन दिनों ठिठुरन भरी सर्दी पड़ रही है। शाम होते ही सर्द हवाएं सताने लगती है। ऐसे में लोगों की दिनचर्या में बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम में परिवर्तन के साथ ही लोगों ने खाने में गुड़, मूंगफली और गजक व तिल से बनी सामग्री का उपयोग शुरू कर दिया है। मुख्य बाजार में गुड़, तिल समेत मूंगफली से बनी गजक के काउंटर महकने लगे हैं। जिनके सामने कतारे भी देखने को मिलती हैं। गुड़ गजक व गुड़ व तिल के लड्डू लोगों की पहली पसंद बन गए हैं। गुड़ शक्कर की गजक के पैकेट भी बाजार में उपलब्ध हैं। खासकर बुजुर्ग इन सामग्री पर उपयोग कर रहे हैं।

### दूरी बनाना आवश्यक

बदलते मौसम में थोड़ी सी लापरवाही से लोग मुसीबत में पड़ सकते है। पिछले कुछ दिनों से तेजी से बदले तापमान से 25 फीसदी तक मरीज सर्दी-खांसी और जुकान से पीड़ित होकर ओपीडी में पहुंच रहे है। इसमें बच्चों के साथ बड़े भी परेशान हो रहे है। इसमें खास बात यह है कि परिवार के एक के साथ कई लोग चपेट में आ रहे है। डॉक्टरों की सलाह माने तो ऐसे मरीजों से दूर रहना काफी आवश्यक है।

### ऐसे करें बचाव

डॉ भास्कर गुप्ता ने बताया कि अभी कोविड से जुड़े मरीज नहीं है। लेकिन सावधारी के तौर पर घर में अगर किसी सदस्य को सर्दी, खांसी या सांस लेने में परेशानी आ रही है तो परिवार के दूसरे लोग को इससे बचना होगा।

# विशेष न्यायालय ने आरपीएफ के प्रधान आरक्षक को पाया दोषी, किया दंडित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जप्त सामान वापिस करने के एवज में मनिहारी से रिश्वत लेने व मांगने वाले आरपीएफ होशंगाबाद के प्रधान आरक्षक को विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार अधिनियम की अदालत ने अभियोजन द्वारा विचारण के दौरान 13 साक्षियों के कथन के बाद दोषी पाया और दोनों धाराओं में 4-4 वर्ष का सश्रम कारावास व एक-एक हजार रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया। लोक अभियोजन अधिकारी राजकुमार नेमा ने बताया कि विशेष न्यायाधीश जफर इकबाल की अदालत ने आरोपी जितेन्द्र कुमार वर्मा को धारा-7 भ्र.नि.अधि. में 4 वर्ष का सश्रम कारावास एवं धारा-13 (1) (डी) सहपठित धारा 13 (2) भ्र.नि.अधि. में 4 वर्ष का सश्रम कारावास एवं कुल 2 हजार रूपये अर्थदंड से दंडित किया। लोक अभियोजन अधिकारी ने बताया कि प्रकरण में फरियादी शिवकुमार यादव मनिहारी का सामान घूम-फिरकर बेचने का काम करता था, उसके द्वारा लोकायुक्त में शिकायत की गयी थी कि वह रामजी बाबा मेले में सामान बेचने के लिये गया था। आरपीएफ पुलिस होशंगाबाद के जितेंद्र कुमार वर्मा ने पकड़कर केस बना दिया और मनिहारी का सामान जप्त कर लिया है और सामान छोड़ने के एवज में 1000 रूपये मांग की।

लोकायुक्त के निरीक्षक अमरेश बोहरे द्वारा जांच की गई। जांच के दौरान फरियादी शिवकुमार द्वारा आरोपी जितेंद्र कुमार वर्मा से वार्तालाप रिकॉर्ड की गई। वार्तालाप में पाया गया कि जितेंद्र कुमार वर्मा के द्वारा 1000 रूपये की मांग की जा रही है। फरियादी शिवकुमार 900 रूपये देने के लिये तैयार हुआ, जिसके बाद लोकायुक्त भोपाल के ट्रेप दल द्वारा जितेंद्र कुमार वर्मा को 27 फरवरी 2018 को फरियादी शिवकुमार से 900 रूपये लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। ट्रेप दल का नेतृत्व लोकायुक्त निरीक्षक अमरेश बोहरे द्वारा किया गया।

प्रकरण की विवेचना अमरेश बोहरे द्वारा की गई तथा प्रकरण की अग्रिम विवेचना निरीक्षक संजय शुक्ला ने की। विवेचना उपरांत आरोपी जितेंद्र कुमार वर्मा के विरूद्ध अभियोग पत्र विशेष न्यायालय नर्मदापुरम के समक्ष पेश किया गया। अभियोजन द्वारा विचारण के दौरान 13 साक्षियों के कथन कराये गये। न्यायालय ने अभियोजन के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क पर विचार करते हुए आरोपी को रिश्वत मांगने एवं लेने के आरोप में दोषी पाते हुए दोनो ही धाराओं में 4-4 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 -1000 रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया। प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक लोकायुक्त दिनेश कुमार यादव द्वारा सशक्त पैरवी की गई।

### आज राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाएगा

**नर्मदापुरम।** रविवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाएगा। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि प्रातः 11 बजे से जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होगा। कार्यक्रम में उपभोक्ता जागरूकता संबंधी विषयों पर उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम यथा संगोष्ठी, कार्यशाला, प्रदर्शनी, पोस्टर बैनर, प्रश्न मंच का आयोजन किया जाएगा।

### राष्ट्रीय थ्रो-बॉल जूनियर चैंपियनशिप में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदा महाविद्यालय से 33वी राष्ट्रीय थ्रोबाल चैंपियनशिप 27 से 30 दिसंबर को कोयंबटूर तमिलनाडु में होनी है इसमें कालेज की दो छात्राएं सुरभि नागर, सिफ़ा खान एव एक छात्र आदित्य डांगोलिया का चयन हुआ है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओएन चौबे ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए जीत की भावना के साथ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा ये बड़ी उपलब्धि होगी कि पढ़ाई के साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करके करियर बनाने का अवसर मिल रहा है। इस मौके पर नर्मदापुरम थ्रो बॉल संघ के अध्यक्ष रोहित गौर डॉ.संजय चौधरी, डॉ.महेश मानकर और कोच स्नेहा दुबे सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने उत्साहवर्धन किया और बधाईयां दी। ये खिलाड़ी 25 दिसंबर को कोयंबटूर तमिलनाडु के लिए भोपाल से प्रस्थान करेंगे।

# शाम-ए-यादगार कार्यक्रम आज आयोजित होगा

### 39 वर्षों से लगातार हो रहा साहित्यिक समागम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदांचल की प्रसिद्ध साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था शाम-ए-यादगार संस्था के द्वारा बीते 39 वर्षों की तरह इस वर्ष भी राष्ट्रकवि श्रीकृष्ण सरल पुण्य स्मरण में आयोजित होने वाला कार्यक्रम शाम-ए-यादगार कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें बीते वर्षों की तरह ही अनेक विभूतियों का सम्मान होगा। संस्था के वरिष्ठों के द्वारा नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। नर्मदांचल में यह कार्यक्रम को पसंद करने वाले को संख्या काफी है। ऐसे में रविवार को छुट्टी का दिन है।

### नवीन कार्यकारणी घोषित

नवीन कार्यकारिणी में संरक्षक पं भवानी शंकर शर्मा, संयोजक तुकाराम यादवेश, सहसंयोजक संतोष यादव, अध्यक्ष मोहन यादव, कार्यकारी अध्यक्ष बलराम शर्मा, उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, ललित मोहन यादव, सचिव मुकेश यादव, सहसचिव लखन पारूलकर, पूर्व कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी व सदस्य संरक्षक रहेंगे। कार्यक्रम केसरिया गार्डन में दोपहर 2.30 बजे से आयोजित होगा। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों का सम्मान किया जाएगा। जिनमें नर्मदांचल के साहित्य के क्षेत्र में वरिष्ठ कवि रामकिशोर नाविक इटारसी, समाजसेवा के क्षेत्र में उमाशंकर चौबे, संगीत के क्षेत्र में आनंद नामदेव का सम्मान किया जाएगा।

### गीत संगीत व काव्य पाठ

कार्यक्रम में गीत संगीत व काव्य पाठ भी होगा। समारोह के मुख्य सूत्रधार वरिष्ठ समाजसेवी साहित्यकार खेमचंद यादवेश ने बताया कि मुख्यअतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विधायक डॉ सीतासरन शर्मा रहेंगे। अन्य अतिथियों में आदित्य नारायण उपाध्याय, माधव सिंह दांगी, सुरेंद्र सौलंकी मौजूद रहेंगे।

# 58 अनापत्ति प्रमाण पत्र मछली मांस, अंडा विक्रेताओं को जारी

### लाइसेंस बनवाने आवेदन करवाए गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रदेश सरकार द्वारा खुले में मांस और अंडा न बिके इस आदेश के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। कलेक्टर नीरज सिंह के निर्देशानुसार, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश दियावार ने शनिवार को नगरपालिका बनखेड़ी में मांस, मछली, अंडा एवं अन्य खाद्य पदार्थ विक्रेताओं के खाद्य लाइसेंस के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया।

जिसमें नगरपालिका द्वारा 58 अनापत्ति प्रमाण पत्र मांस, मछली अंडा विक्रेताओं को जारी कर लाइसेंस आवेदन करवाए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश दियावार द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत खाद्य लाइसेंस एवम रजिस्ट्रेशन हेतु आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही ऑनलाइन आवेदनों की स्क्रूटनी कर तुरंत लाइसेंस जारी किए जा रहे है इसके अतिरिक्त साफ सफाई के लिए निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि कैंप के बाद भी लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया चालू है सभी खाद्य व्यवसायीयो से अपेक्षा है की वे एमपी ऑनलाइन से आवेदन कर अपने खाद्य लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन बनवा सकते है। केवल मांस, मछली व अंडा व्यवसायियों को नगरपालिका अथवा ग्राम पंचायत की अनापत्ति अपलोड करना आवश्यक होगा।

# गीता सभी वेदों और शास्त्रों का सार हमारे सम्मुख लाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सेठानीघाट तिलक भवन में आयोजित गीता जयंती महोत्सव के अंतर्गत त्रिदिवसीय ज्ञानसत्र के समापन दिवस में श्रीमदभगवद्गीता पर प्रवचन हेतु ऋषिकेश से पधारे महामंडलेश्वर श्री स्वामी अभिषेक चैतन्य गिरि जी महाराज ने केंद्रीय विषय श्रीमदभगवद्गीता और जीवन मुक्ति पर प्रवचन करते हुए कहा कि गीता सभी वेदों एवं शास्त्रों के सार रूप को हमारे सम्मुख लाती है। इसलिए इस उपनिषद कहा गया है, भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को माध्यम बनाकर मनुष्य मात्र के कल्याण के उपाय बताए हैं चारों पुरुषार्थों में से धर्म और मोक्ष को केंद्र में रखकर व्यक्ति को किस तरह जीवन व्यतीत करना है यह उपदेश दिया महोत्सव के विराम दिवस पर आपने कहा कि किस तरह स्थितप्रज्ञता मनुष्य जीवन का लक्ष्य है, अपने आचार्य मधुसूदन शास्त्री जी की मीमांसा का भी विस्तार से उल्लेख किया । जो भी मोक्ष प्राप्ति की उपलब्धि तक पहुंचता है उसके लिए चाहे उपनिषद हो या गीता हो शोक भय, दुख आदि के लिए अवसर नहीं होता , उन्नत समाज में भी व्यक्ति को यदि निर्वाह की चिंता है, तो ऐसी उन्नति व्यर्थ है यहां ही गीता की महत्ता प्रतिपादित होती है जो बताती है कि किस तरह चिंता भय, शोक, मोह आदि से मुक्त करती है यही गीता का सार है। त्रिदिवसीय महोत्सव के समापन में डॉ वैभव शर्मा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में पूज्य स्वामी जी द्वारा गीत गायक भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में भवानीशंकर शर्मा, गिरिजाशंकर शर्मा, उमेश कुमार पालीवाल, विनोद दीवान, मयंक दीवान सहित श्रद्धालु उपस्थित हुए कार्यक्रम के पूर्व में ऋषि कुल की संस्था के छात्रों द्वारा गीता पाठ किया गया भजनाञ्जली में गोपाला अग्रवाल द्वारा भजन की प्रस्तुति दी गई संगत पं राम परसाई एवं सक्षम पाठक ने की कार्यक्रम का संचालन डॉ संजय गार्गव ने किया।

# एलुमनी मीट में गुरू शिष्यों ने सुनाए किस्से



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शिक्षक के बिना आदर्श समाज की कल्पना नहीं हो सकती है, विद्यार्थी के जीवन में शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। शिक्षक को भगवान से बड़ा दर्जा मिला है। चाहे वह आम नागरिक हो,खिलाड़ी हो,अभिनेता या फिर नेता हो सभी के जीवन में गुरू का महत्वपूर्ण योगदान होता है। शनिवार को केंद्रीय विद्यालय में सन 1989 से लेकर 1995 के शिक्षकों और विद्यार्थियों को एलुमनी मीट कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिले में देश सहित विदेश भी विद्यार्थी शामिल हुए। सभी एक दूसरों को देखकर भावुक हो गए और अपनी पुरानी यादों को ताजा किया।

### यादे हुई ताजा

शनिवार को एसपीएम स्थित केन्द्रीय विद्यालय में शनिवार को एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। वर्ष 1989 से 1995 बैच में 12वीं पास हुए भूतपूर्व छात्र-छात्राओं के लिए उक्त आयोजन किया गया था। 30 वर्ष बाद जब ये छात्र दोबारा स्कूल में मिले तो सालों पुराने किस्सों की झड़ी लग गई। किसी को अपने गणित के शिक्षक की पिटाई याद आई तो किसी ने क्लास रूम में किए मजाक मस्ती को याद किया। कार्यक्रम में देश-विदेश से 60 से ज्यादा भूतपूर्व छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसपीएम के जनरल मैनेजर वेंकटेश कुमार मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य राजेश साहू व खेल शिक्षक अनुराग मिश्रा सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। नीरज दुबे व देवेश जोशी ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में देश विदेश के केंद्रीय विद्यालय में सन 1989 से लेकर 1995 के शिक्षकों और विद्यार्थियों को एलुमनी मीट का आयोजित किया गया था।

### शामिल हुए शिक्षक और विद्यार्थियों के नाम

शिक्षक, डीएन शर्मा, राजेश तिवारी, जीपाल, आरएस भार्गव, अनुराग मिश्रा, एस घट, रत्ना गांगुली, उषा सैमुअल, के शर्मा, जैस्मीन कादिर, राज आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रही। वहीं बेच सन 1989 से लेकर 1995 तक के विद्यार्थी एलुमनी मीट में शामिल हुए जिसमें देवेश जोशी, शोमिक दत्ता, अजय मोरिया, सुनील गौर, पुष्पेश पालीवाल, प्राची दीक्षित, रितेश मंगवानी, विवेक धोटे, अरुणिका, राजीव दुबे नीरज दुबे, दिनेश चौरे,देवेंद्र सिंह, पूजा बाजपेयी, मनोज चंद्रवंशी (यूएसए),अर्णव मिश्रा,शैलेंद्र सिंह,विनोद अहिरवर ,हिमांशु,अजय वरखने ,पवन सचिन खंडेलवाल, मुकेश पटवा, हेमंत मालवीय सन्जेश शर्मा रहे।

समेरिटंस स्कूल में दिखा सूक्ष्म जीव से लेकर ब्रह्मांड की व्यापकता का नजारा


# बच्चों ने प्रकृति के तीनों स्वरूपों को समाहित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

समेरिटंस 'समुन्नयन एक्सपो' के दूसरे दिन शनिवार को मिडिल और हाईस्कूल के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनी में प्रकृति में पाए जाने वाले सूक्ष्म जीवों से लेकर अखिल ब्रह्मांड के निर्माण उसके रहस्यों की व्यापकता को समझाने का प्रयास बच्चों द्वारा किया गया। प्रदर्शन में बच्चों ने प्रकृति के तीनों स्वरूपों जल, थल और नभ की जानकारी को समाहित किया तो इतिहास को भी अपने में समेटा। यहां जीव विज्ञान के विशद् ज्ञान का प्रदर्शन था तो फिजिक्स के कठिन विषयों को सरलता से दर्शाया गया था। प्रदर्शनी में रसायन शास्त्र के नियमों का वर्णन था दूसरी और शारीरिक विज्ञान और गणित के विषयों को उजागर करते हुए मॉडल भी थे। प्रदर्शनी में इतिहास के अखंड भारत का स्मरण किया गया था तो वर्तमान के चंद्रयान 3 और विज्ञान के क्षेत्र में नित नए हो रहे आविष्कारों की चर्चा भी थी। साथ ही भविष्य की उन्नत कल्पनाओं को भी उकेरा गया था। प्रदर्शनी में आर्ट और कला के माध्यम से बच्चों ने अपनी तूलिकाओं के माध्यम से कल्पना के अनूठे रंग भरे थे तो भाषाई विषय इंग्लिश, संस्कृत और हिन्दी के बच्चों ने खेल-खेल में ही भाषा के गूढ़ और कठिन ज्ञान को सरलता से समझाने का सराहनीय प्रयास किया। प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा और कलाधर्मिता का ऐसा परिचय दिया कि अतिथि प्रशंसा किए बिना नहीं रह सके। आज की प्रदर्शनी का उद्घाटन डीपीआई के सहायक संचालक संदीप शुक्ला और पथरौटा प्राचार्य सुनील जैन ने किया। समुन्नयन एक्सो का अवोलकन और विद्यार्थियों से चर्चा करने के बाद दोनों अतिथियों ने कहा कि बच्चों के मॉडल और उनकी रचनात्मकता देखने के बाद कहा जा सकता है कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच होने के साथ ही कल्पना की उड़ान भी है। यह बात कही जा सकती है कि उनका भविष्य उज्ज्वल है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनमें शिक्षकों का परिश्रम और योग्य मार्गदर्शन की झलक भी स्पष्ट देखी जा सकती है। अतिथियों का सम्मान डायरेक्टर डॉ आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, प्रभारी सुमिता द्विवेदी आदि ने किया। दो दिन की इस प्रदर्शनी में चयनित श्रेष्ठ मॉडल्स बनाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।



### हस्तलिखित गीता का किया विमोचन




विद्यालय के संस्कृत विद्यार्थियों द्वारा तैयार हस्तलिखित गीता की प्रति का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया। ज्ञात रहे कि शनिवार को गीता जयंती भी थी। इस अवसर के लिए संस्कृत विभाग के शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने कठिन परिश्रम कर गीता की हस्तलिखित प्रति तैयार की थी। गीता की इस प्रति का विमोचन करते हुए अतिथिद्वय ने कहा कि बच्चों को यह प्रयास निसंदेह सराहनीय है। विद्यालय द्वारा ऐसे प्रयास होते रहने चाहिए। इससे बच्चों में न केवल सनातन संस्कृति के प्रति रूचि बढ़ती है, अपितु वे विज्ञान और अध्यात्म के संबंधों को भी भली प्रकार समझ पाते हैं। गीता जयंती के अवसर पर इस्कान संस्था के सदस्यों द्वारा विद्यालय में श्रीकृष्ण नाम संकीर्तन का आयोजन किया। इसमें विद्यालय परिवार के सदस्यों ने भी भागीदारी की। साथ ही गीता की वैज्ञानिकता पर व्यापक प्रकाश डाला।

### आज होंगी चर्चों में विशेष प्रार्थनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



ईसाई धर्मावलंबियों का प्रमुख त्यौहार क्रिसमस आज रात 12 बजे मनाया जाएगा। इस दौरान प्रभु यीशू के जन्मदिन पर केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी जाएगी। इस दौरान शहर चर्चों में विशेष झांकियां सजाई गई है। शनिवार की रात ईसाई समुदाय के लोग घरों-घर जाकर कैरोल गीत के माध्यम से एक दूसरे को बधाई दी। समाज के राज घ्यारे में बताया कि रविवार-सोमवार की रात ठीक 12 बजे प्रभु यीशू का जन्मदिन मनाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### हिन्दू सनातन सेवा संघठन के तहसील अध्यक्ष बने दिलीप पाल



**आमला।** हिन्दू सनातन सेवा संघठन के तहसील अध्यक्ष की नियुक्ति की गई है। हिंदू सनातन सेवा संगठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक व्यास , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामचंद्र पगारे बाबू, राष्ट्रीय महासचिव अमित कुमार शर्मा ,एवं राष्ट्र कोर कमेटी की अनुशंसा पर आमला तहसील अध्यक्ष दिलीप पाल को दायित्व सौपा गया है। दिलीप पाल ने बताया कि संघठन द्वारा जो दायित्व सौपा गया है। उससे पूरी निष्ठा लग्न के साथ निभाया जायगा वरिष्ठ पदाधिकारीयों का आभार व्यक्त करता हु।जल्द ही तहसील की कार्यकरणी का गठन किया जायेगा। हिंदुत्व विचार धारा के लोगो को जोड़ने के लिए गाव गाव अभियान की शुरुआत की जाएगी।

### समग्र पोर्टल में आधार ई-केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समग्र पोर्टल नागरिकों की आधार ई-केवायसी की कार्यवाही की जा रही है। हितग्राहियों का भी आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें। हितग्राहियों तक ई-केवायसी सुविधा पहुँचाने के लिए समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र में संचालित सेवा प्रदाता एजेंसी और जिला/ सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधकों से समन्वय कर ग्राम पंचायत या वार्ड स्तर पर शिविर लगा कर अधिक से अधिक हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें।

### सभी वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने के निर्देश

**सीहोर।** उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा परिवहन विभाग को जिले के समस्त वाहनों में 06 माह के भीतर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगाने के निर्देश दिए गए है। उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार समस्त शासकीय एवं अशासकीय वाहनों में एचएसआरपी 06 माह में अनिवार्य रूप से लगाई जाना सुनिश्चित किया जाए। न्यायालय द्वारा 01 अप्रैल 2019 से पूर्व निर्मित एवं पंजीकृत वाहनों पर तीसरे रजिस्ट्रेशन चिन्ह सहित हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के संबंध में प्रक्रिया निर्धारित की गई है। एचएसआरपी लगाने के लिए 15 दिसंबर तक की तिथि निर्धारित की गई है।

## लोगों ने कहा- लालच की वजह से अपनाया था दूसरा धर्म

# गंगाजल पीकर हिंदू धर्म में लौटे दर्जनों गांव के लोग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मध्यप्रदेश के बैतूल और महाराष्ट्र के अमरावती जिले की बॉर्डर से लगे दर्जनों गांव के 152 लोगों ने ईसाई धर्म छोड़कर सनातन धर्म में घर वापसी की है। इनमें एससी और एसटी वर्ग के लोग शामिल हैं।। सावलमेंढा के रामदेव बाबा संस्थान में इन लोगों के हाथ में कलावा बांधा गया। गंगा जल पिलाकर और पैर पखार कर हिंदू धर्म में वापसी करवाई गई है। लोगों ने बताया कि ईसाई मिशनरियों ने बहला-फुसलाकर धर्म बदलवाया था. हर परिवार को 20 हजार रुपए दिए गए। लालच की वजह से हम कन्वर्ट हुए थे। इसके बाद से हम खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे थे। अपने समाज और रिश्तेदारों से भी दूर होते जा रहे थे। षड्यंत्र के तहत करवाते हैं धर्म परिवर्तन, धर्म परिवर्तन के बाद वादा पूरा नहीं करते- ईसाई धर्म छोड़कर आए महादेव सलामे ने बताया कि पिछले दो दिन में मध्यप्रदेश के 72 और महाराष्ट्र के 80 लोगों ने घरवापसी की है। मिशनरी के प्रमोटर ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब और जरूरतमंद लोगों को षड्यंत्र के साथ धर्म परिवर्तन करने के लिए राजी कर लेते हैं। वे मकान, पैसे और नौकरी देने के साथ ही बीमारी ठीक करने के वादे करते हैं।

### 'धर्म परिवर्तन के बाद पूरा नहीं करते वादा'

गंगाजल पीकर अपने धर्म में लौटे हिन्दू छतर तावड़े ने बताया कि बैतूल और अमरावती जिले के दर्जनों गांव में कई परिवार ईसाई मिशनरियों के प्रमोटरों के षड्यंत्र में फंस चुके हैं। जो लोग अपना धर्म परिवर्तन करवा लेते हैं, उन्हें दूसरे ग्रामीण सामाजिक रूप से अलग कर देते हैं। उनके किसी भी कार्यक्रम में ग्रामीण शामिल नहीं होते हैं। ऐसे परिवारों में बेटे-बेटियों का रिश्ता भी नहीं करते हैं। महादेव और छतर ने कहा कि मिशनरी के प्रमोटर जो वादे लोगों से करते हैं, वे धर्म परिवर्तन के बाद पूरे नहीं किए जाते। इससे ग्रामीणों के सामने वापस अपने धर्म में आने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता. ऐसे लोगों को चिह्नित कर उन्हें मानसिक रूप से तैयार करने में क्षेत्र के कुछ लोग लगातार काम कर रहे हैं. उन्हीं लोगों की समझाइश के बाद लोग अब घरवापसी करने लगे हैं।

### 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण के निर्देश

**सीहोर।** भारत सरकार के निर्देश अनुसार मिशन इन्द्रधनुष के तहत 5.0 प्रारंभ किया गया है। इस के तहत टीकाकरण से वंचित एवं छूटे हुए 0 से 5 वर्ष तक के बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं का हैड काउंट सर्वे करवाकर उन्हें टीकाकृत किया जाएगा। सभी लक्षित बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए कहा गया सघन मिशन इन्द्रधनुष के तहत 5.0 को सफल बनाने के लिए समन्वित रूप से कार्य करें। उन्होंने कहा कि अभियान का पोस्टर बैनर, दीवार लेखन तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से प्रभावी रूप से प्रचार प्रसार किया जाए। साथ ही गावों में मुनादी भी कराई जाए। मिशन इन्द्रधनुष के तहत टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए।

## कार ने बाइक को मारी थी टक्कर

# कार की टक्कर से दो लोगों के पैर टूटे, जिला अस्पताल में भर्ती

**बैतूल।** बीती रात हाईवे पर ग्राम घाट पिपरिया के पास एक कार ने एक बाइक को टक्कर मार दी। जिससे की मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग बुरी तरह घायल हो गए, सूचना मिलने पर हाईवे की एम्बुलेंस ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को मुलताई के सरकारी अस्पताल पहुंचाया. जहां से दोनों को बैतूल रेफर कर दिया।

बताया जा रहा है कि बाइक सवार दोनों लोगों के पैर टूट गए हैं एवं सर में चोट आने से उनकी हालत गंभीर बनी हुई है. इधर नगर के ड्रीमलैंड सिटी के पास नगर पालिका के दमकल के कर्मचारी को भी एक वाहन ने टक्कर मार दी. इससे वह बुरी तरह घायल हो गया है, उसे भी बैतूल रेफर किया है। हाईवे की एंबुलेंस के डॉक्टर कमलेश रघुवंशी ने बताया कि छिंदवाड़ा की ओर से आ रही कार और छिंदवाड़ा की ओर जा रही बाइक की टक्कर हो गई. जिससे बाइक पर सवार कैलाश पिता बालसा (25), निवासी मुंडा पर और अर्जुन पिता मदन (25) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर एम्बुलेंस पहुंची और दोनों को मुलताई के सरकारी अस्पताल में लाया गया। जहां पर उनकी हालत गंभीर थी ऐसे में उन्हें बैतूल रेफर किया है. वहीं नगर के ड्रीम लैंड सिटी के पास बाइक से आ रहे नपा के दमकल कर्मचारी भूपेंद्र राठौर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह बुरी तरह घायल हो गया, उसे भी बैतूल रेफर किया है।

## घर में घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़ करने पर 3 साल की सजा

**बैतूल।** अनन्य विशेष न्यायालय, (पॉक्सो एक्ट) 2012, ने 14 वर्षीय नाबालिग युवती के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने वाले आरोपी संतोष पिता भाकरया कोरकू, उम्र-35 वर्ष, निवासी-थाना बैतूल बाजार को दोषी पाते हुए, धारा 8 पॉक्सो एक्ट समाहित धारा 354 भादवि में तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2 हजार रुपए का जुर्माना तथा धारा 457 भादवि से दण्डित किया गया। प्रकरण में मप्र. शासन की ओर से जिला अभियोजन अधिकारी एस.पी.वर्मा एवं वरिष्ठ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी/अनन्य विशेष लोक अभियोजक ओमप्रकाश सूर्यवंशी द्वारा पैरवी की गई। घटना का विवरण इस प्रकार है कि पीड़िता के द्वारा आरक्षी केन्द्र बैतूल बाजार में इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि वह कि वह कक्षा आठवीं में पड़ती है, 2 मार्च 2016 को पढ़ाई करके सो रही थी, रात करीब 1 बजे उसके पड़ोस में रहने वाला संतोष उसके घर में घुस आया और बुरी नीयत से उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा तो उसकी नींद खुली तो वह एकदम से चिल्लायी और घर से बाहर निकली, तो उसकी मां भी उठ गई और उसके पास आयी। उसने अपनी मां को उक्त घटना के बारे में बताया, इतने संतोष बोला कि अगर थाने में रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर दूंगा, इस कारण वह रिपोर्ट करने नहीं आयी थी। पीड़िता की उक्त शिकायत के आधार पर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। उसके पुलिस कथन लेख किये गये तथा मजिस्ट्रेट न्यायालय में धारा 164 द.प्र.सं. के कथन लेख कराये गये एवं अन्य साक्षियों के कथन लिये गये, पीड़िता की उम्र से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत प्राप्त किए गए। आवश्यक अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र माननीय अनन्य विषेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) बैतूल के समक्ष विचारण हेतु प्रस्तुत किया गया। अभियोजन ने अपना मामला युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित किया, जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध पाकर दंडित किया गया।

## छात्रों ने भ्रमण कर भैरवा हैंडीक्राफ्ट को समझा

**बैतूल।** जेएच के इन्क्यूवेशन सेंटर के तत्वावधान में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को भैरवा हेण्डीक्राफ्ट (धातु शिल्प) टिगरिया का भ्रमण किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे द्वारा छात्र छात्राओं को भ्रमण के माध्यम से सीखने की प्रवृत्ति विकसित करने के लिए और उन्हें अपने रोजगार व स्वरोजगार हस्तकलाओं का चयन करने के लिए प्रेरित किया गया।

भैरवा हेण्डीक्राफ्ट (धातु शिल्प) टिगरिया पहुंचकर इन्क्यूबेशन सेंटर संयोजक डॉ. रंजिता बरखानियां द्वारा छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के उद्देश्य एवं उपयोगिता से अवगत कराया गया। सह-संयोजक प्रो. कृष्णा गौसर द्वारा छात्र-छात्राओं को एंटरप्रेन्योरशिप एवं इन्क्यूवेशन का परिचय देते हुये हेण्डीक्राफ्ट से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान करने हेतु



प्रेरित किया गया। इस भ्रमण दल में 54 छात्र-छात्राओं को धातु शिल्प निर्माण संबंधी विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी लघु उद्योग के संस्थापक बलदेव वाघमारे द्वारा प्रदान की। इस भ्रमण में पूर्व प्राचार्य डॉ.राकेश कुमार तिवारी, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.धर्मेन्द्र कुमार एवं इन्क्यूवेशन सेंटर के सदस्य प्रो.प्रतिभा चौरे, प्रो.संतोष पवार, प्रो.स्वाति लोखण्डे, प्रो.प्रीतिबाला पाल, प्रो.राहुल सिंह ठाकुर ने सहभागिता की।

## बाल मेला किया गया आयोजित

**शाहपुर।** शाहपुर नगर में संचालित ग्रेट विजन पब्लिक स्कूल में शनिवार को बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए बाल मेला आयोजित किया गया। चाइल्ड एवं मदर ड्राइंग कंपटीशन का आयोजन भी कराया गया ।जिसमें बच्चों की माता ने उत्साह पूर्वक भाग लिया ।एवं सुंदर ड्राइंगभी की। बच्चे अपनी माता को ड्राइंग करते देखते हुए बहुत प्रोत्साहित हुए । बच्चों के द्वारा पानी पुरी, भेल, ढोकले , फ्राइराइस फ्रूट सलाद आदि के स्टॉल लगाए गए ।पालकों एवं नागरिकों के द्वारा इस बाल मेले में सम्मिलित होकर बच्चों के द्वारा लगाए गए स्टॉल से स्वादिष्ट व्यंजन का लाभ उठाया गया। बच्चों के द्वारा साइंस एग्जीबिशन में बहुत सुंदर कलाकृति बनाई गई ।एटीएम ,कंप्यूटर, चंद्रयान, पवन चक्की सुंदर घर आदि बनाकर इस साइंस एग्जीबिशन रखा गया । ग्रेट विजन पब्लिक स्कूल शाहपुर में कुछ नया होने से छात्र एवं बच्चे सभी बहुत उत्साहित हुए।

## सांसद और नपाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

# कलश यात्रा से किया 7 दिवसीय गीता ज्ञान प्रवचन सप्ताह का शुभारंभ

### सिवनी से पधारी आरती दीदी करेंगी खंजनपुर में गीता प्रवचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

ब्रह्माकुमारीज बैतूल द्वारा 7 दिवसीय गीता ज्ञान प्रवचन सप्ताह का शुभारंभ आज कलश शोभायात्रा निकालकर किया गया। इस अवसर पर सांसद डीडी उइके और बैतूल नगरपालिका अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। दादा धूनीवाले कूटी से शुरू हुई यह शोभायात्रा खंजनपुर क्षेत्र के मुख्य मार्गो से होते हुए आयोजन स्थल ब्रह्माकुमारीज के आनंद सरोवर पहुंची, जिसमे सिवनी से पहुंची ब्रह्माकुमारी आरती बहनजी एवं बैतूल की ब्रह्माकुमारी बहनों ने अपने सर पर कलश रख यात्रा की अगुवाई की तथा ब्रह्माकुमारीज से जुड़े सैकड़ों लोग सम्मिलित रहे। यात्रा का मुख्य आकर्षण शिव ज्योतिर्लिंग रथ रहा, जिसके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुए। विभिन्न स्थानों में पर इस कलश यात्रा का पुष्पों के माध्यम से स्वागत हुआ। ब्रह्मकुमारीज बैतूल की संचालिका बीके मंजू बहन ने बताया कि 7 दिवसीय गीता ज्ञान प्रवचन में गीता का व्यवहारिक और आध्यात्मिक महत्व बताया जाएगा, जिसका पहला सत्र आज पूर्ण हुआ। वही सारणी से पधारी बीके सुनीता बहन ने बताया की सभी को इस आयोजन




का लाभ मिले, इस लक्ष्य से पर्चों और कार्ड द्वारा लोगो को आमंत्रित किया गया तथा यूट्यूब के माध्यम से भी लाइव देखा जायेगा।

### पार्षदों ने गीता प्रवचन मंच पर किया आरती दीदी का स्वागत

*भोलेनाथ के शिवलिंग की पूजा अर्चना से शुरू हुए इस आयोजन में दुर्गा वार्ड पार्षद संतोष भलावी एवं अर्जुन वार्ड पार्षद नरेंद्र हरसुले ने योग शक्ति आरती दीदी का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। 23 दिसंबर के प्रथम सत्र में ब्रह्माकुमारीज के अनुयायियों सहित खंजनपुर क्षेत्र के कई श्रोता भी उपस्थित रहे। लोग बहुत ही एकाग्रता से प्रवचन का आनन्न्द लेते हुए नजर आए।*

## जीडी खंडेलवाल मेमोरियल ट्रस्ट का आज होगा निशुल्क रोग निदान शिविर



**बैतूल।** स्वर्गीय जी.डी. खंडेलवाल मेमोरियल ट्रस्ट बैतूल द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी निःशुल्क रोगनिदान महाशिविर का आयोजन आज रविवार 24 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक होटल आभाश्री, सिविल लाइन, कॉलेज रोड, गंज बैतूल में होने जा रहा हैं। जिसमें जोड़ों के दर्द, शुगर (डायबिटीज), ब्लड प्रेशर का कम या ज्यादा होना, कोलेस्ट्रॉल, चर्म रोग, रीढ़ की हड्डी से संबंधित बीमारियों की जांच एवं इलाज हेतु नागपुर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अभिनव केसकर, डॉ. अमित निकमं एवं डॉ. अक्षय दलाल के द्वारा परामर्श दिया जायेगा। इस शिविर में लाभ लेने के लिये पंजीयन कराना आवश्यक है, पंजीयन हेतु मोबाइल नम्बर 9993966044 एवं मोबाइल नम्बर 989375591 से संपर्क किया जा सकता है। स्व. जी.डी. खंडेलवाल मेमोरियल ट्रस्ट बैतूल के ट्रस्टी योगी राजीव खंडेलवाल की ओर से सभी लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर में पहुंचकर इसका लाभ लेवें।

## स्वनिर्मित टीएलएम से बच्चों को समझाया, कोई विषय नहीं है कठिन



**बैतूल।** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया। संस्था प्राचार्य जीबी पाटणकर द्वारा रामानुजन के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल बघौली यादोराव पांसे द्वारा श्रीनिवास रामानुजन के 33 वर्ष के अल्पकालिक जीवन में गणित विषय पर किए गए कार्यो- संख्या सिद्धांतों, ज्यामितीय प्रमेयो को उल्लेखित किया। श्री पांसे ने बच्चों में गणित विषय का डर दूर करने एवं सरल तरीके से स्वनिर्मित शिक्षण सहायक सामग्रियों से सीखने सिखाने के तरीके बताएं। प्राथमिक स्तर पर बच्चों को अंकगणित अंतर्गत अंको का ज्ञान, संख्याओं की समझ, गणित विषय की मूलभूत दक्षताओं जोड़, घटाना,गुणा, भाग, पैटर्न, मापन, तुलना करना, खेल-खेल में पहाड़े बनाना, भिन्न,आकार एवं आकृतियों की समझ विकसित करने के सरल तरीको का प्रदर्शन किया। श्री पांसे द्वारा गणित विषय के अलावा हिंदी व्याकरण, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान के भी स्वनिर्मित टीएलएम का प्रदर्शन किया। हीरेंद्र शुक्ला द्वारा छात्राओं को फोकस बनाने के लिए प्रेरित किया।

## सेंट्रल बैंक ने 113वां स्थापना दिवस केक काटकर मनाया

**बैतूल।** गुरुवार को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की विभिन्न शाखाओं में बैंक का 113वां स्थापना दिवस मनाया गया। इसी तारतम्य में बैतूल जिले में भी अग्रणी




बैंक शाखा बैतूल तथा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा कोठीबाजार बैतूल एवं सेंट्रल बैंक शाखा बैतूलगंज द्वारा संयुक्त रूप से बैंक का 113वां स्थापना दिवस केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अग्रणी बैंक प्रबंधक ए.के. सिंह, शाखा कोठीबाजार के मुख्य प्रबंधक राजीव रंजन झा तथा शाखा बैतूलगंज के वरिष्ठ प्रबंधक दीपक कुमार पैठारी सहित बैंक का समस्त स्टॉफ एवं गणमान्य नागरिकगण मौजूद थे।

## फिर टूटी फेंसिंग, लोग चरा रहे मवेशी, मुख्य मार्ग पर गंदगी ही गंदगी

# सूर्यनारायण सरोवर के समीप की वाटिका बनी कचरा घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

प्रभात पट्टन रोड पर स्थित सूर्य नारायण सरोवर के सामने अनुसया वाटिका निर्माण के प्रयास बीते 5 वर्षों से किए जा रहे हैं। किंतु अनेकों प्रयासों के बावजूद भी यह कचरा घर बनकर रह गया है। नगर पालिका के द्वारा की गई फेंसिंग जगह-जगह से तोड़ दी गई है। कुछ लोगों ने इसे मवेशी और बकरी चराने का अड्डा बना लिया है। जो वृक्षारोपण किया गया था वह या तो मवेशीयो ने खा लिया या देखरेख अभाव में सुख कर गायब हो गए। वर्तमान स्थिति यह है कि लोगों ने कचरा डालने का स्थान बना दिया दूर-दूर से यहां कचरा लाकर डाला जाता है और गंदगी इतनी है कि इस मार्ग से गुजरा कठिन हो गया है।

**पूर्व विधायक सुखदेव पांसे ने रखी थी आधारशिला:** सूर्यनारायण सरोवर के सामने अमरावती रोड के बाजू मे शासकीय



भूमि का दुरुपयोग ना हो एवं गंदगी को हटाया जा इसके लिए पूर्व विधायक सुखदेव पांसे द्वारा यहां वृक्षारोपण किया गया था उनके सहयोगियों ने यहां दो चरणों में लगभग 50 पौधों का रोपण किया। अनुसया सेवा संगठन के कृष्णा साहू एवं उनके सहयोगियों ने इस अनुसया वाटिका की देखरेख करने की जावेदारी ली नगर पालिका यहां गेट लगाकर इसे फेंसिंग कर दी अब माना जा रहा था कि कुछ ही समय में यहां सुंदर गार्डन विकसित हो सकेगा किंतु ऐसा हो ना सका इस संबंध में कृष्णा साहू कहते हैं कि हम यहां साफ सफाई करवाते जरूर है लेकिन लोग फिर फेंसिग तोड़ के गंदगी कर देते हैं। पिछले हफ्ते ही साफ सफाई कराई थी लोगों ने फिर गंदगी से पाट दिया।

### स्वच्छता अभियान को मुंह चिढ़ाता मुख्य मार्ग

मुलताई नगर पालिका स्वच्छता अभियान के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च करती है। जानकार बताते हैं कि नगर स्वच्छ और सुंदर बना रहे इसके लिए दर्जनों सफाई वाहन नगर में दौड़ते हैं। किंतु जितना खर्च नगर पालिका इन वाहनों के डीजल पर करती है उतनी सफाई नगर में दिखाई नहीं देती जिसका उदाहरण है अनुसया वाटिका मुख्य मार्ग पर बड़ी गंदगी नगर पालिका के सफाई अभियान को मूंह चीढ़ाती प्रतीत होती है।

## संदेश: पौधारोपण करें तो पौधों को पाले भीं

# गायत्री परिवार ने मनाया बड़ वृक्ष का 20वां जन्मदिन

**मुलताई।** गायत्री परिवार ने 20 वर्ष पहले हाई स्कूल ग्राउंड केंद्रीय विद्यालय के सामने 108 कुंडी महायज्ञ कराया था और इस महायज्ञ की यादों को सजोने के लिए बड़ का पौधा रोपा था जो आज 20 वर्ष का वृक्ष बन गया है।

गायत्री परिवार ने इस बढ़ के वृक्ष का पूजन कर 20 वा जन्मदिन मनाया और इस जन्मदिन के माध्यम से यह संदेश दिया कि पौधारोपण ही नहीं करे ब्लकी पौधों को पाले भी । गायत्री परिवार के रामदास देशमुख यादव राव निंबालकर ने बताया कि गायत्री परिवार ने इन 20 वर्षों में नगर में सैकड़ो पौधों का रोपण किया है किंतु उसके साथ ही इन पौधों को पालकर वृक्षो में भी तब्दील किया है। हाई स्कूल




ग्राउंड पर 23 दिसंबर 2003 में 108 कुंडी गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया था । इस आयोजन में सैकड़ो लोगों ने भाग लिया था इस आयोजन की चिर स्मृति हेतु गायत्री परिवार द्वारा बड़ के पौधे का रोपण गायत्री परिवार केआर पी सोनी ,माधोभाई पटेल , घनश्याम साहू, पुरुषोत्तम साहू योगेश साहू, मानिकराव देशमुख दिनेश साहू, रामदास देशमुख आदि परिजनों द्वारा किया गया था। पौधे की सुरक्षा की जवाबदारी गायत्री परिवार के परिजनों ने निरंतर निभाया। अब इस वटवृक्ष की छांव में केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों के पालक छुट्टी की राह देखते हुए बैठते है। गायत्री परिवार के द्वारा विशाल वट वृक्ष की 20वीं वर्षगाठ दीप जलाकर एवं गायत्री मंत्र द्वारा मनाया गया।

## 29 दिसंबर से 1 जनवरी तक विभिन्न पर्यटन संबंधी गतिविधियों का आयोजन

# हिल स्टेशन की सुरम्यवादियों में होगा नए वर्ष का आगाज

29 दिसंबर से 1 जनवरी तक पचमढ़ी विभिन्न पर्यटन की गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जिसकी तैयारियां जोरों पर जारी है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी में नए वर्ष के आगाज पर पर्यटकों को नया अनुभव और रोमांच देने के लिए 29 दिसंबर से 1 जनवरी तक विभिन्न पर्यटन संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति ने बताया है कि 30 दिसम्बर को शाम 6.30 बजे से हाट बाजार पचमढ़ी में कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। शुभारंभ पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति रात्रि 7 बजे से हाट बाजार पचमढ़ी में ही आयोजित की जाएगी। 29 से 31 दिसम्बर तक शाम 6.30 बजे से रात्रि 11 बजे तक पारम्परिक एवं आर्गेनिक फूड फेस्टिवल की हाटबाजार पचमढ़ी में ही व्यवस्था रहेगी। इसी अवधि में अर्थात 29 से 31 दिसम्बर तक हाईस्कूल ग्राउंड पचमढ़ी में रात्रि 9 बजे से सुबह 6 बजे तक स्टार गेजिंग, 30 दिसम्बर को प्रातः 6 बजे से पचमढ़ी रन का आयोजन हाईस्कूल ग्राउंड से प्रारंभ किया जाएगा, पचमढ़ी रन बस स्टेंड, ओल्ड होटल तिराहा रीछगढ़रोड, धूपगढ़चौराहा, रेशम केन्द्र म्यूजियम, जय स्तंभ हाटबाजार पचमढ़ी तक आयोजित होगी। 30 दिसम्बर को माढ़ादेव पचमढ़ी रोड धूपगढ़ चौराहा, रेशम केन्द्र म्यूजियम, जयस्तंभ हाटबाजार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक रॉक आर्ट पेंटिग वॉक का, शासकीय पोलो उद्यान पचमढ़ी में प्रातः 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक बर्ड वाचिंग पोलो गार्डन ट्रेल का, 30 दिसम्बर से 1 जनवरी तक प्रातः 7 बजे से प्रातः 10 बजे तक चंपक लेक के पास से फुटहिल रोड तक नेचर वॉक, इसी अवधि अर्थात 30 दिसम्बर से 1 जनवरी तक प्रातः 7 बजे से प्रातः 10 बजे तक धूपगढ़ पचमढ़ी में योगा, 30 एवं 31 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे तक संगम जल प्रपात एवं चौरागढ़ पचमढ़ी में ट्रेकिंग, 30 एवं 31 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक बायसन लॉज जयस्तंभ राजभवन चर्च में हैरिटेज वॉक, 30 दिसम्बर को हाटबाजार पचमढ़ी में शाम 6.45 बजे से आर्मी बेंड की प्रस्तुति, 30 दिसम्बर को शाम 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक सूर्य नमस्कार पार्क पचमढ़ी में जुम्बा, 31 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक हाटबाजार चर्च केंट आफिस पुलिस थाना ओल्ड होटल हवाई पट्टी रीछगढ़ संगमटूर राजेन्द्र गिरी नालंदा टोला हाटबाजार तक पचमढ़ी ऑन सायकिल, 31 दिसम्बर से 1 जनवरी तक प्रातः 10 बजे से प्रातः 11 बजे तक वटर फ्लाई पार्क पचमढ़ी में बटर फ्लाई पार्क एक्टिविटी, 31 दिसम्बर को प्रातः 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक सूर्यनमस्कार पार्क पचमढ़ी में न्यू ईयर सेलिब्रोशन, 31 दिसम्बर एवं 1 जनवरी को रात्रि 6 बजे प्रातः 8 बजे तक पचमढ़ी झील पर बोन फायर नाईट केम्पग, नाईट ट्रेकिंग, 1 जनवरी 2024 को प्रातः 6 बजे से प्रातः 8 बजे तक धूपगढ़ पचमढ़ी में वर्ष का पहला सूर्योदय, 29 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक हाट बाजार पचमढ़ी में पचमढ़ी फिल्म फेस्टिवल एवं 30 दिसम्बर से 1 जनवरी तक प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक गोल्फ ग्राउंड पचमढ़ी में गोल्फ कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

## श्रीमद् स्कंद महापुराण का भूमि पूजन संपन्न



माखननगर। श्रीमद स्कंद महापुराण रुद्राभिषेक महायज्ञ एवं चार धाम दर्शन के दिव्य आयोजन के लिए ग्राम वंशीखैरी में कथावाचक पं. दीपक महाराज के सानिध्य में भूमि पूजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान के सूत्रधार यशवंत सिंह राजपूत ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक कथा वाचन किया जाएगा। इसके अलावा गणगौर उत्सव, गरबा उत्सव भजन संध्या, जस मंडलों द्वारा प्रस्तुति, जागरण एवं एवं अंतिम दिवस विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

# गीता जयंती महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



मंगलवारा बाजार रामलीला रंगमंच पर शनिवार को गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें कथा वाचक तरुण तिवारी महाराज ने व्यास गादी से गीता के विभिन्न उपदेशों के संदर्भ में उपस्थित श्रोताओं को विभिन्न प्रसंग सुनाए। जिसमें भगवान श्री कृष्ण ने जो उपदेश अर्जुन को दिए थे जिन पर विशेष प्रकाश डाला मानव को सदैव अच्छे कर्म करने चाहिए जो जैसा कर्म करेगा उसको वैसा ही फल मिलेगा। अच्छे काम करने वाले को सुफल मिलेगा। वहीं बुरे काम करने वाले को बुरा फल मिलेगा। कार्यक्रम का समापन महाआरती प्रसाद वितरण कर किया गया। सैकड़ो धर्म प्रेमियों ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। गीता जयंती महोत्सव का आयोजन खंडेलवाल महिला मंडल माखन नगर द्वारा किया गया। जिसमें शिवानी खंडेलवाल, संध्या खंडेलवाल सहयोग सराहनीय रहा।

# श्रीमद्भागवत गीता का भव्य पाठ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

शासकीय उमावि सीएम राइज पचमढ़ी में गीता जयंती के उपलक्ष्य में किया गया 'श्रीमदभगवद गीता पाठ 'का भव्य आयोजन। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ शेखर, संस्था प्राचार्य मनीष गुप्ता, रूपनारायण श्रीवास, ज्योति यादव, अर्चना मेहरा, पल्लवी साहू, अकीला बानो सहित समस्त शिक्षक स्टाफ व छात्र-छात्राओं द्वारा श्रीमद्भागवत गीता का पाठ किया गया।

# विकसित भारत पर हुआ कॉलेज में व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर में शनिवार को विकसित भारत 2047 कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए दो महत्वपूर्ण व्याख्यान आयोजित किये गए। सर्वप्रथम कार्यक्रम संयोजक और विज्ञान विषय विशेषज्ञ पंकज बैरवा द्वारा नवप्रवर्तन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। दूसरे व्याख्यान में महाविद्यालय से कामर्स विषय विशेषज्ञ डॉ मीनू सिंह द्वारा सम्पन्न एवं सुदृढ़ अर्थव्यवस्था विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नीता चौबे, वरिष्ठ प्राध्यापक आरके चौकीकर, समस्त स्टॉफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के साथ महाविद्यालय में पॉर्टल पर विद्यार्थियों के सुझाव और अभिमत के लिए रजिस्ट्रेशन जारी है।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश मनीष कुमार पाटीदार की अदालत ने हत्या के आरोपी को दोष सिद्ध होने पर आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। जिसमें आरोपी राजा ठाकुर पिता गोविंद उम्र 33 वर्ष निवासी नवाबाद झांसी हाल मुकाम पिपरिया के खिलाफ सजा सुनाते हुए 3 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया गया।

मामले की पैरवी कर रहे अपर लोग अभियोजक सुनील कुमार चौधरी ने बताया कि 21 जून 2020 की रात 11 बजे तिलक वार्ड में आरोपी राजा ठाकुर का मदीगिरी के साथ रूपयों के लेनदेन को विवाद हो गया तथा मदिगिरी को जमीन पर पटक कर छाती पर घूसों से मारना प्रारंभ कर दिया। जिसके कारण घायल अवस्था में मदिगिरी को छोड़कर आरोपी फरार हो गया। डॉक्टर ने गिरी को मृत घोषित कर दिया मृतक की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। अभियोजन ने न्यायालय में 11 साक्षियों की गवाही कराई। जिसमें न्यायालय द्वारा आरोपी को छाती में घूंसे लगने सेमौत होना बताया गया जिस पर न्यायालय के द्वारा हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# छात्राओं ने प्रयोगशाला व सांस्कृतिक धरोहर भीमबेटका का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास की 110 छात्राओं के दल ने जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन के मार्गदर्शन में पुरातत्व सांस्कृतिक धरोहर भोजपुर, ज्ञान कौशल रोजगार के नए आयाम के उद्देश्य को लेकर बंसल टेक्निकल इंजीनियरिंग कॉलेज भोपाल का शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण किया। जिसमें विद्यालय की छात्राओं के दल ने शासकीय उमावि सनखेड़ा केसला के छात्र-छात्राओं के साथ इंजीनियरिंग क्षेत्र मे रोजगार के अवसर, उपलब्धियां, कंप्यूटर प्रयोगशाला एवं कॉलेज में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रम, प्रयोगशालाओं की जानकारियां राघवेंद्र बाजपेयी, संदीप जसोदिया के द्वारा प्रदान की गई।

कन्या शाला संस्था प्रमुख राम सिंह किरार, उमा मेहरा, आरती यादव, प्रतिभा साहू, रजनी मालवीय,नीतू स्वामी,कीर्ति दुबे, नीतू दीवान, योगेश पटेल, नाथूराम कुशवाहा, अतुल मालवीय, परसराम मालवीय, संतोष रघुवंशी एवं संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्राओं का योगदान सराहनीय रहा।

# डीजे संचालकों ने समय पर लगे प्रतिबंध को हटाने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




मोहन सरकार गठन के बाद डीजे पर रात्रि 10 के बाद पूर्णतः प्रतिबंधित करने पर डीजे संचालकों में असंतोष व्याप्त है। डीजे संचालकों ने विरोध जताते हुए हाथों में बैनर लेकर रैली के रूप में मुख्य मार्ग से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से डीजे संचालकों ने आर्थिक स्थिति के साथ लोन और पारिवारिक पालन पोषण का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री से अपने निर्णय पर सुधार करने का निवेदन किया गया है। ज्ञापन में डीजे संचालकों ने बताया कि यह उनके परिवार के भरण पोषण का एक मात्र साधन है तो वहीं उन्होंने अपने व्यवसाय की शुरुवात बैंक से लोन लेकर की थी। जिसकी अभी किश्तें तक नही चुकी हैं तो वहीं उन्होंने कहा संबंधित पार्टी द्वारा बुकिंग करने के बाद लेट लतीफी होने से समय पर लगे प्रतिबंध से हमे परेशानी होती है तो वहीं उन्होंने कहा अनुमति लेने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। डीजे संचालकों के अनुसार यदि वह डीजे पर लगे प्रतिबंध पर विचार नहीं करते हैं तो हम धरना प्रदर्शन इत्यादि के लिए बाध्य होंगे जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

# राष्ट्रीय गणित दिवस 2023 का आगाज कॉलेज में आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



शहीद भगत सिंह कॉलेज में राष्ट्रीय गणित दिवस रामानुज के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने वाद विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान कॉलेज प्राचार्य डॉ राकेश वर्मा ने बताया कि पोस्ट मॉडल, पीपीटी, प्रेजेंटेशन, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रोफेसर बसंत निघवाल, ब्रजकिशोर गुप्ता, अरुण कुमार सिंह, कविता नामदेव, आशा तिवारी, खुशबू पगार, सचिन सोनी, महेंद्र चौकसे, किटी मौर्य, डॉ अनीता सेन, रश्मि पटेल, इमरान खान आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता का संचालन डॉ सुनील कुमार ने किया प्रोटेक्ट समिति डॉ राज पटेल डॉक्टर एस के मेहरा ने सहयोग प्रदान किया कार्यक्रम का संचालन डॉ रवि विश्वकर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ कैलाश नामदेव ने जताया। वहीं पर कॉलेज द्वारा गीता जयंती भी मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा नेता नवनीत सिंह नागपाल, नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर, सुनील गुप्ता, नपा अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, अरविंद राय सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जीवन जीने का संदेश, स्कूलों में मनाया अंतर्राष्ट्रीय गीता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद




नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में अंतर्राष्ट्रीय गीता दिवस मनाया गया। शासकीय बालक उमावि में कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों ने महाभारत युद्ध के समय श्रीमद् भागवत गीता के उपदेश की सार्थकता बताई। वहीं अतिथि ने छात्रों को श्रीमद् भागवत गीता को छात्रों के लिए अपने जीवन के उज्जवल भविष्य का लक्ष्य तय करने के लिए श्रीमद् भागवत गीता में लिखें श्लोक को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। वहीं शासकीय हाई स्कूल खांडा देवरी में सीसीएलई गतिविधियों के अंतर्गत थीम संकल्पित भारत आधारित गीता जयंती उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें गीता पाठ, प्रश्नोत्तरी आदि श्री मदभगवतगीता आधारित गतिविधियां कराई गईं। प्राचार्य डॉ. अर्चना तिवारी ने गीता के श्लोक व महत्वपूर्ण घटनाओं की जानकारी बच्चों को दी। शिक्षक पंकज दुबे ने गीता की ज्ञानवर्धक बातें बताई। सभी बच्चों को गीता पाठ हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर डॉ. अर्चना तिवारी, पंकज दुबे,सोहन लाल अहिरवार,नीमचन्द पटेल, राजेश साहू, रामेश्वर मेहरा, दिनेश साहू आदि उपस्थित रहे।

# नपा ने नगर में जगह जगह जलवाए अलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



ठंड का असर तेज हो गया है उत्तर भारत में आ रही सर्द हवाओं ने पिपरिया को भी ठंड से कपकपा गया है। हिल स्टेशन पचमढ़ी नजदीक होने के कारण ठंड का असर यहां भी देखने मिलता है। ठंड से बचने के लिए लोग गर्म कपड़ों के साथ अलाव का सहारा ले रहे हैं। नपा अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, सीएमओ आरपी नायक, सभी पार्षद एवं नपा कर्मचारियों ने शहर के प्रमुख चौराहों पर अलग-अलग अलाव जलवाए। जिससे ठंड से बचने के लिए लोगों को राहत मिल सके।

## श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस व्यास गादी से बोली प्रवक्ता अनन्या शर्मा

# श्रीमद् भागवत महापुराण कथा मोक्षदायिनी है

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



अपने बच्चों को संपत्ति दे ना दें परंतु उन्हें शिक्षा एवं संस्कार अवश्य दें यदि आप अपने बच्चों को संस्कार नहीं देते हैं तो वह खुद जिंदगी भर बैठकर रोएगा आपको रुलाएगा एवं पूरे समाज को रुलाएगा। सिवनी मालवा में चल रही श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में बोलते हुए बाल विदुषी राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता अनन्या शर्मा ने कहा की श्रीमद् भागवत महापुराण कथा मोक्षदायिनी है सारे ताप संताप की नाशिनी है परम सुख प्रदायिनी है। जब हमारे कई जन्मों का पुण्य उदय होता है तब हम श्रीमद् भागवत महापुराण का श्रवण कर पाते हैं एवं आयोजन करवा पाते हैं श्रीमद् भागवत का महत्व बताते हुए अनन्या शर्मा ने कहा कि यह वह पारसमणी है। जिसके श्रवण से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। उसके पश्चात सुखदेव जी महाराज के जन्म की कथा सुनाते हुए कहा की गुरु हो तो सुखदेव जी महाराज जैसे हो हमें भी यह ध्यान रखना चाहिए कि जब हम गुरु बनाते हैं तो हमें उनके समस्त गुण एवं अवगुण की जांच कर ही गुरु मानना चाहिए। क्योंकि यदि वह सद्गुरु हैं तो आपको साक्षात ईश्वर के दर्शन कर सकते हैं और यदि नहीं है तो आपके लिए नर्क का द्वार भी खोल सकते हैं उन्होंने बताया कि माता पार्वती को जब भगवान शिव अमर कथा सुना रहे थे तब वहां से समस्त प्राणियों को जीव मात्र को जाने के लिए कह दिया गया था परंतु एक तोती का अंडा वहां रह गया था जिसमें से एक बालक ने जन्म लिया जिसने कि उसे कथा को श्रवण कर लिया था। इस बालक का नाम आगे चलकर सुखदेव महाराज पड़ा इसके पश्चात अनन्या शर्मा ने ज्ञान भक्ति वैराग्य की कथा का श्रवण करते हुए कहा कि कलयुग में व्यक्ति ज्ञान वैराग्य में ज्यादा रुचि नहीं रखता परंतु वह भक्ति में बहुत विश्वास रखता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा सुनने से ज्ञान और वैराग्य अपने वास्तविक स्वरूप में आए धुंधकारी की कथा में उन्होंने बताया की किस प्रकार अधिक लाड प्यार से धुंधकारी में आने को अवगुणों का समावेश हो गया था। जिसके कारण उन्हें मृत्यु को प्राप्त करना पड़ा अंत में प्रेत योनि को प्राप्त हुए तब गोकर्ण जी ने उन्हें श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण सनत कुमार के श्रीमुख से कराकर उन्हें प्रेत योनि से मुक्त कराया अनन्या शर्मा ने कहा की हमें श्रीमद् भागवत कथा भगवान का स्वरूप भगवान का पता भगवान का व्यवहार भगवान का स्वभाव का ज्ञान करती है इसके उपरांत कथा के मुख्य जजमान प्रभु दयाल जी बोरसे एवं ललिता बोरसे ने श्रीमद्भागवत महापुराण की आरती की कथा के पूर्व विशाल शोभा यात्रा निकल गई जो की शीतला माता मंदिर से हंसराज गार्डन तक उत्साह के साथ पहुंची अनन्या शर्मा के द्वारा किए गए भजनों पर श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए।

# हितग्राहियों को लाभांवित करने का सुलभ माध्यम बनी संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



प्रदेश के साथ ही जिलेभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा के दौरान जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। इस दौरान हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए जा रहे है और अनेक विभागों द्वारा लगाए जा रहे शिविरों में हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे है। जनपद नर्मदापुरम के ग्राम निमसाड़ियां में संकल्प यात्रा का ग्रामीणों द्वारा उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। विधायक डॉ सीरासरन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विधायक डॉ शर्मा ने विभिन्न योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, सीईओ हेमंत सुत्रकार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।

शनिवार को नर्मदापुरम जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत जासलपुर और निमसाडिया में, सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़ियाखेड़ी व बनाडा, पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत सहलवाड़ा और सिवनी, जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत कोहदा और सहेली, बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत परसवाडा ढाढिया और समनापुर, माखननगर अंतर्गत ग्राम पंचायत गुढ़ला और मांगरोल में तथा जनपद सोहागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गुजेरखेड़ी एवं भोखेडीकला में संकल्प यात्रा संकल्प यात्रा पहुंची जहां आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, इत्यादि विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपनी सफलता की कहानी भी बयां की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विकसित भारत के संकल्प की शपथ ली।

## खबर संक्षेप

### मेंटेनेंस के चलते साढ़े 4 घंटे बंद रहेगी बिजली

**हरदा।** जिले में मेंटेनेंस का काम लगातार बिजली कंपनी कर रही है। रविवार को एक बार फिर बिजली कंपनी मेंटेनेंस का काम करने वाली है। इसके चलते साढ़े 4 घंटे बिजली कटौती की जाएगी। कंपनी के जेई राकेश सिलोरिया ने बताया 24 दिसम्बर को सुबह साढ़े 9 से 2 बजे तक इंदौर रोड फीडर की बिजली सप्लाई बंद रहेगी। इससे जुड़े विपट कालोनी, साई मंदिर, ड्रीम लैंड कॉलोनी, ब्रज धाम कालोनी और उसके आसपास के इलाकों की बिजली बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि बिजली कटौती के समय को आवश्यकता अनुसार घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

### बाइक से गिरी कर्मचारी घायल

**हरदा।** शनिवार सुबह अपने भाई के साथ बिजली के बकाया बिलों की वसूली और मीटर रीडिंग के लिए बाइक से जा रही बिजली विभाग की आउट सॉर्स महिला कर्मचारी स्पीड ब्रेकर पर संतुलन बिगड़ने से औंधे मुंह गिर गई। जिसके चलते उसके चहरे एवं सिर पर गंभीर चोटें आई है। जानकारी के अनुसार रहटगांव की रहने वाली खुशबू पिता जगदीश गौर उम्र करीब 28 साल बिजली विभाग में आउट सोर्स पर काम करती है। शनिवार सुबह वह अपने भाई के साथ ड्यूटी पर जा रही थी। इस दौरान करीब 11 बजे के आसपास वह कनगांव के पास बने स्पीड ब्रेकर से निकलने के दौरान बाइक के पीछे से सड़क पर गिर गई। जिसके बाद उसे तत्काल रहटगांव के उप स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भेजा गया। जहां उसका उपचार करने के बाद परिजन उसे उपचार के लिए भोपाल ले जा रहे हैं।

### गीता जयंती महोत्सव

**हरदा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कुंवर बाई ट्रस्ट, अरविंद सोसायटी एवं संस्कृत भारती के संयुक्त तत्वाधान में गीता जयंती के कार्यक्रम का आयोजन होगा। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर ग्राम भारती कार्यालय के ऊपर छोटा भवन में रविवार दोपहर 3से आयोजित किया जाएगा। इसमें स्कूलों के बच्चों द्वारा श्लोक वचन के उपरांत पुरस्कार वितरण तथा भागवताचार्या प्रिया के द्वारा उद्बोधन दिया जाएगा। धर्म प्रेमी जनता की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

### बड़े दादाजी बरसी पर दर्शन के लिए आज उमड़ेगा भक्तों का सैलाब

**खंडवा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दादाजी धाम पर दादाजी की बरसी धार्मिक उल्लास के साथ रविवार को मनाई जाएगी। प्रतिवर्ष बरसी पर हजारों की संख्या में भक्त उपस्थित होकर दादाजी के दर्शन कर प्रसादी ग्रहण करते हैं। कार्यक्रम को लेकर दादाजी धाम में विशेष साफ-सफाई, लाइटिंग व अन्य निर्माण कार्य भी किए गए हैं। दादाजी की बरसी में खंडवा के साथ ही महाराष्ट्र, पाढुंरना, नागपुर, बैतूल सहित अन्य स्थानों से भक्तगण समाधि दर्शन के लिए पहुंचेंगे। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि दादाजी की यह 93वीं बरसी है, अगहन शुक्ल पक्ष की तेरस रविवार को दादाजी की बरसी पर हजारों की संख्या में भक्तगण शामिल होकर दादाजी की समाधि पर शीश नवाएंगे।

---

ग्रामीणजनों ने आदिवासी नृत्य प्रस्तुत कर यात्रा का किया स्वागत

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर में 474 आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शनिवार को खालवा विकासखंड की ग्राम पंचायत नामापुर में संकल्प रथ के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन सुनाया गया।

इस दौरान नामापुर में आयोजित शिविर में खण्ड स्तरीय विभाग प्रमुखों द्वारा अपने विभागीय योजना की जानकारी उपस्थित जनसमुदाय को बताई गई और योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। इसके अलावा मनीराम को प्रधानमंत्री आवास योजना, फूलवती बाई पति रामसिंह को उज्जवला योजना, सुन्दरलाल जाटरे को आयुष्मान भारत योजना, रामप्रसाद चौहान को स्वच्छ भारत मिशन योजना का लाभ मिलने पर उन्होंने अपनी जुबानी विकास की कहानियां सुनाई। शिविर में कुल 620 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें से 474 आवेदनों क मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष लंबित 146 आवेदनों को निराकरण संबंधित विभागों को अंतरित किये गये। शिविर में 16 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शनिवार को ग्राम पंचायत भिलखेड़ी एवं सराय में आयोजित शिविर में स्वास्थ विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं के स्टॉल लगाये गये और योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि अधिकारी द्वारा किसानों को कृषि से संबंधित और नैनो यूरिया को किस प्रकार उपयोग में लिया जाना है के बारे में जानकारी दी गई।



### सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

*कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के 115 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें संबंधित विभाग को निराकरण हेतु भेज दिए गए हैं। यात्रा की अध्यक्षता विधायक छाया मोरे एवं अध्यक्ष जनपद पंचायत पंधाना सुमित्रा कासडे द्वारा की गई। कार्यक्रम में ग्राम के ग्रामीणों द्वारा आदिवासी नृत्य कर यात्रा का स्वागत किया गया। इसके अलावा स्कूली बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। धरती करे पुकार के अन्तर्गत पर्यावरण पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुती दी गई। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने सफलता की कहानी सुनाई एवं प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया गया। बच्चो को प्रस्तुति देने पर प्रमाण पत्र वितरित किए। इसके अलावा ग्राम पंचायत सिर्रा, भैसावा एवं रोहनाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। साथ ही उज्ज्वला योजना के गैस कनेक्शन संबंधित प्रमाण पत्र वितरित किए। इसके अलावा पानी की शुद्धता की जांच करने हेतु किट का वितरण किया गया। ग्राम पंचायत दोंगालिया में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा सूरजलाल के खेत में ड्रोन के माध्यम से खेती के उन्नत तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई।*

---

रहटगांव में पदस्थ था बीडी नामदेव

# रिश्वत लेने के आरोपी तत्कालीन तहसीलदार को 4 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

प्रथम सत्र न्यायाधीश ने जिले की रहटगांव तहसील के पूर्व तहसीलदार भगवान दास नामदेव को रंगे हाथों रिश्वत लेते पकड़े जाने के मामले में फैसला सुनाया है। 10 साल पहले नामांतरण के एक मामले में रिश्वत मांगी थी, जिसे रंगे हाथों लोकायुक्त ने हिरासत में लिया था। कोर्ट ने तत्कालीन तहसीलदार नामदेव को चार साल की जेल और 7 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

जिला लोक अभियोजन अधिकारी एआर रोहित ने बताया कि 10 जुलाई 2014 को रहटगांव तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पड़वा के किसान जीवनसिंह ने नामांतरण के एक प्रकरण में तहसीलदार बीडी नामदेव के बीस हजार रुपए की रिश्वत मांगे जाने की शिकायत लोकायुक्त पुलिस से की थी। जिसके बाद लोकायुक्त की टीम ने 12 जुलाई 2014 को तहसीलदार नामदेव को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया था। उन्होंने बताया कि अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी भगवानदास नामदेव तत्कालीन तहसीलदार रहटगांव को भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा 13(1)(घ), 13(2) में 4 साल के कारावास एवं सात हजार रुपए के जुर्माने की सजा से दंडित किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी भगवान दास नामदेव को कोर्ट ने जेल भेज दिया है।

### 9 साल पुराना मामला

रहटगांव तहसील क्षेत्र के किसान जीवन पिता रामलाल राजपूत ने अपनी 89 डिसमिल जमीन के नामांतरण करने को लेकर आवेदन दिया था, जिसे तहसीलदार ने करीब एक साल तक दबाकर रखा गया था। वहीं एक साल बाद काम करने के बदले में 20 हजार रुपए की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने मां के निधन के बाद जमीन अपने नाम पर कराने का आवेदन दिया था। किसान के मुताबिक तहसीलदार ने कहा था कि काम तो 50 हजार रुपए का है, लेकिन 20 हजार में कर रहे हैं। यह बात उन्होंने राजेन्द्र सिंह मोर्य को बताई। जिसके बाद लोकायुक्त को शिकायत करने की योजना बनाई। 20 हजार में से 10 हजार की राशि पहले दी गई और फिर 12 जुलाई 2014 को उनके सरकारी आवास पर जाकर 10 हजार की राशि देकर लोकायुक्त टीम ने रंगे हाथ पकड़ लिया था।

---

पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया

# शादी में गए 8 वर्षीय बालक की हत्या, नाले में मिला शव

## वरिष्ठ अधिकारियों ने की घटनास्थल की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या



मानिकेरा गांव के जिरात फाल्या के समीप एक बालक के संदिग्ध अवस्था में मिले शव की गुत्थियां सुलझाने में पुलिस जुटी हुई है। इस घटनाक्रम से पिछले दो दिनों से क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। पुलिस ने मृतक के पिता की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

गौरतलब है कि गुरुवार शुक्रवार की दरमियानी रात बालक अजय पिता शांतिलाल बारेला (8 वर्ष) और उसकी बड़ी बहन पूजा 10 वर्ष के साथ विवाह कार्यक्रम में गया था। लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा था और रात्रि में करीब 11 बजे पूजा अकेली ही घर पहुंची थी। मृतक बालक के पिता शांतिलाल ने उक्त जानकारी दी है। उसने यह भी बताया कि हमने सोचा था कि नाचने गाने में थक कर वहीं सो गया होगा। लेकिन उसका शव, जंगल में नाले के समीप सुबह वह मृत अवस्था में मिला था। उसके गले पर रस्सी के निशान थे और संभवतः उसकी गला घोट कर हत्या की गई है। घटना की सूचना मिलते ही शुक्रवार को एएसपी खरगोन तरुणेन्द्र सिंह,एसडीओ पुलिस राकेश आर्य और एफएसएल के डॉ. सुनील मकवाना डॉग स्क्वायड सहित घटनास्थल का निरीक्षण कर चुके हैं। शनिवार को थाना प्रभारी गणपतसिंह कनेल उक्त गांव पहुंचे और उन्होंने मृतक बालक के परिजन और ग्रामीण जनों से पूछताछ की है। थाना प्रभारी कनेल ने बताया कि मृतक के गले में रस्सी के निशान मिलने से हत्या का अपराध पंजीकृत किया गया है। पुलिस जांच भी इन्हीं बिंदुओं के इर्द गिर्द चल रही है। उसके शव परीक्षण की रिपोर्ट अभी नहीं मिली है।

---

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस आज मनाया जाएगा


**खंडवा।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 24 दिसम्बर को मनाया जाएगा। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के जिला आपूति अधिकारी अरूण तिवारी ने बताया कि इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित खंडया के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम आयोजित होगा। इस आयोजन में उपभोक्ताओं के अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी से अवगत कराया जाएगा। साथ ही नापतौल मिलावट संबंधी विषयों पर भी आमजनों को जागरूक किया जावेगा। उन्होंने जिले के सभी स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन तथा सक्रिय एवं जागरूक उपभोक्ताओं से इस आयोजन में उपस्थित होने एवं लाभ लेने की अपील की।

---

# ओवरटेकिंग के चक्कर में महाराष्ट्र के युवकों की कार से टकराई यात्री बस

## चोटिल तीन युवकों को बड़वाह सिविल अस्पताल लाए

**खरगोन।** बड़वाह नगर से करीब 4 किमी दूर चोरबावड़ी के निकट एक तेज रफ्तार यात्री बस और महाराष्ट्र के यात्रियों की कार में टक्कर हो गई। इस टक्कर के चलते कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही की टक्कर के बावजूद कार बैठे कुछ यात्रियों को मामूली चोट आई हैं। कार में कुल चार युवक सवार थे। चोटिल तीन युवकों को बड़वाह सिविल अस्पताल लाया गया। घटना शनिवार शाम करीब 5 बजे की है।



यात्री बस एमपी 10 झेडसी 5595 इन्दौर से बड़वाह की ओर आ रही थी। महाराष्ट्र के यात्री कार से उज्जैन दर्शन करने जा रहे थे। बस में सवार यात्रियों ने बताया कि बस अपनी रफ्तार से चल रही थी। कार चालक ने अचानक ओवरटेक किया। इससे वह टकरा गए।

कार चालक ने गड्ढे को बचाने के चक्कर में अचानक गाडी रोंग साइड में कर ली।जिसके चलते कार एवं बस की टक्कर हो गई। इस दौरान मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। चोटिल युवक सड़क पर पड़े हुए थे। 108 एम्बुलेंस द्वारा तीन घायलों को बड़वाह सिविल अस्पताल लाया गया। उनका प्राथमिक उपचार जारी है। दुर्घटना के बाद बस चालक एवं परिचालक बैठे यात्रियों को छोड़कर फरार हो गए। कार चालक करण ने बताया कि ओवरटेक करने के चलते बस चालक ने गाड़ी को टक्कर मार दी।

---

### जिस दिन हमें ज्ञान हो जाता है उस दिन हमें अंदर से शांति प्राप्त हो जाती है : राजेंद्रानंद महाराज



**हरदा।** रेवापुर गांव में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के चौथे दिन शनिवार को प्रसिद्ध कथा वाचक हरिद्वार निवासी राजेंद्रानंद महाराज ने कहा कि सभी के कल्याण के लिए रेवापुर गांव में बेनीवाल परिवार द्वारा इतना भव्य श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा में आसपास सहित दूर गांवों से लोग आकर धर्मलाभ ले रहे हैं। इसके अलावा लाइव कथा सुनकर भी लोग परमात्मा की कृपा के पात्र बन रहे हैं। ईश्वर, शास्त्र और गुरु में हमेशा श्रद्धा रखना। भगवान से यही प्रार्थना करना कि हे मेरे मालिक परमात्मा के प्रति मेरी श्रद्धा कभी कम न हो। धर्म, शास्त्र, वेदों और गुरुवाणी के प्रति मेरे अंदर कभी अश्रद्धा न आए। जिस दिन हमें ज्ञान हो जाता है उस दिन हमें अंदर से शांति प्राप्त हो जाती है। ज्ञान के साथ दूसरा कोई श्रेष्ठ नहीं है। गुरु, ग्रंथ और शास्त्र ये हमारे ज्ञान के स्त्रोत हैं। इनमें कभी रुचि कम न हो। ऐ दाता मेरे अंदर क्षमा भाव बना रहे। हममें दूसरों को माफ करने और सहनशीलता का भाव हो। गुरु जम्भेश्वर ने भी अपनी वाणी से कहा कि मनुष्य को हमेशा मधुर और सबके कल्याण के भाव के साथ जीना चाहिए। सद्गुरु जब कृपा करते हैं जो हमारे अंदर शीलता का भाव आ जाता है। इससे हमारा कल्याण होना निश्चित है। कथा के दौरान राजेंद्रानंद महाराज ने भोज, माता सती सहित अन्य प्रसंगों का भजनों के साथ सुंदर वर्णन किया। बताया कि किसी तरह माता सती प्रभु श्रीराम व माता सीता के दर्शन के लिए जाती है। इसके बाद भगवान शिव माता सती से क्रोधित हो जाते हैं। सती के पिता प्रजापति दक्ष एक बड़ा हवन यज्ञ कराता है। भगवान को शिव को अपमानित करने का प्रयास किया जाता है। इससे व्यथित होकर माता सती ने उसी हवन कुंड में अपने प्रांण त्याग दिए। इसके बाद प्रजापति का सिर भी धड़ से अलग कर दिया जाता है। कथा सुनने के लिए प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

---

### कल से हरदा में शुरू होगा कमल युवा खेल महोत्सव




**हरदा।** जिले की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर उभारने के लिए तीन वर्षों से हरदा में शुरू हुआ कमल युवा खेल महोत्सव इस बार होगा। जिला ओलंपिक एसोसिएशन और कमल स्पोर्ट्स क्लब हरदा के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबर से स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी 24 तक फिर होने जा रहा है। भाजपा नेता देवीसिंह सांखला ने बताया कि पूर्वमंत्री कमल पटेल और जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप पटेल द्वारा जिले की खेल प्रतिभाओं को निखारने के साथ और उन्हें विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के लिए आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन निरंतर जारी रहेंगे। पिछले वर्षों के जो परिणाम आए हैं। उस से हरदा जिला खेलों के क्षेत्र में गौरवान्वित हुआ है। प्रदेश स्तर की विभिन्न खेल टीमों में हरदा के युवा खिलाड़ियों ने अपना स्थान बनाया है।

---

सांसद ने रेल मंत्री से मुलाकात कर उठाया था मुद्दा

# सुविधाः बीड़ शटल को वाया मथेला से सनावद तक बढ़ाने की मंजूरी मिली

**खंडवा।** खंडवा स्टेशन पर सेकेंड फेस का यार्ड री मॉडलिंग का कार्य पूरा होने के बाद खंडवा सनावद सीधी ट्रेन की मिलेगी सुविधा। पिछले हफ्ते खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने रेल मंत्री और रेलवे चेयरमैन बोर्ड जया वर्मा सिन्हा से नई दिल्ली में 12 दिसंबर को मुलाकात कर खंडवा सनावद के बीच अभी तक यात्री ट्रेन शुरू नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे अविलंब प्रारंभ करने की मांग रखी थी।

सांसद प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि सांसद पाटिल कि रेल मंत्री एवं रेलवे चेयरमैन से मुलाकात के परिणामस्वरूप रेलवे बोर्ड से शनिवार को एक पत्र जारी कर बीड़ खंडवा शटल संख्या 05685/86 के एक फेरे को बीड़ से शुरू करते हुए वाया मथेला होकर खंडवा बायपास केबिन से सनावद चलाने की मंजूरी दे दी है। सांसद ने रेलमंत्री से मोबाइल पर चर्चा कर इसे खंडवा स्टेशन से चलाने पर जोर दिया। इसपर रेलमंत्री ने बताया है खंडवा स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग सिंगलिंग, इंटरलॉक का कार्य ,पैनल बिल्डिंग में शिफ्टिंग का कार्य, सेकेंड फेस में आगामी महीनों में पूरा होने के बाद खंडवा स्टेशन से सनावद के लिए सीधी ट्रेन चलाएंगे। वर्तमान में तत्काल रूप से रेल यात्रियों को सुविधा मुहैया कराने के उद्देश से अभी बीड़ शटल को व्हाया मथेला खंडवा बायपास केबिन के रेल रूट से सनावद तक ट्रेन का विस्तार किया जा रहा है। इस ट्रेन से यात्रा करने के लिए खंडवा के रेल यात्रियों को खंडवा से 7 किमी दूरी पर स्थित मथेला स्टेशन के साथ ही खंडवा स्टेशन से 5 किमी दूरी पर स्थित खंडवा बाईपास केबिन स्टेशन पर स्टॉपेज देकर इस ट्रेन में यात्रा की सुविधा दी गई है।



खंडवा सांसद पाटिल ने बीड़ को सनावद स्टेशन तक बढ़ाने की मंजूरी दी है यह ट्रेन के शुरू होने से बीड़,खेगांव, तलवाड़िया, मथेला, खंडवा, खंडवा बायपास केबिन स्टेशन ,अजंती, अत्तर, निमारखेड़ी,सनावद के बीच के क्षेत्रवासी लाभन्वित होंगे ।इससे सनावद उतरकर क्षेत्रवासी ओमकारेश्वर ज्योर्तिलिंग आसानी आना जाना कर सकेंगे। इस ट्रेन के विस्तार की तारीख की घोषणा इस सप्ताह कर दी जाएगी। ट्रेन संख्या 05686 बीड़ स्टेशन से सुबह 9.30 बजे रवाना होकर,9.45 बजे खेगांव,10.00बजे तलवाडिया,10.10 बजे मथेला स्टेशन, 10.20 बजे खंडवा बायपास केबिन स्टेशन होकर अजन्ती, अत्तर, निमारखेड़ी, रूककर 11.50 बजे सनावद पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 05685 सनावद से दोपहर 12.15 बजे निकलकर 13.40 बजे खंडवा बायपास केबिन स्टेशन, 13.50 बजे मथेला,14.00 बजे तलवाडिया,14.15 बजे खेगांव तथा 14.35 बजे बीड़ पहुंचेगी।

---

सात दिवसीय राम कथा का समापन

# राम कथा में हुआ राम-सीता का विवाह, श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए



**सिराली।** ग्राम पीपल्या में चल रही सार्वजनिक संगीतमय श्रीराम कथा के छटवे दिन साध्वी नीलम गायत्री ने राम विवाह की कथा सुनाई। समिति द्वारा आयोजित रामकथा के दौरान राम-सीता विवाह प्रसंग सुनकर श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए। श्रीराम सीता के विवाह की कथा सुनाई। कहा कि राम सीता का जीवन प्रेम, आदर्श, समर्पण और मूल्यों को प्रदर्शित करता है। इसके बाद धूमधाम से सीता व राम का विवाह हुआ। माता सीता ने जैसे ही प्रभु श्रीराम को वर माला डाली वैसे ही देवता फूलों की वर्षा करने लगे।समिति के द्वारा भगवान श्रीराम की झांकी बनाई गई। इस दौरान मातृ शक्ति एवं सभी श्रद्धालुओं ने भगवान श्री रामचंद्र जी के चरण पखार कर ग्राम की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान दर्जनों गांवों के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने श्री राम कथा का रसपान किया। सीता-राम विवाह कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रोता। गुरु के आशिर्बाद से स्वयंम्बर में श्रीराम ने धनुष तोड़कर जनक के संताप का हरण किया।नम आंखों से की माँ सीता की विदाई।

---

जिले की सबसे बड़ी तहसीलों में शुमार तहसील मुख्यालय में वर्षों से रैन बसेरा का अभाव

# कसरावद में रैन बसेरा नहीं, खुले में गुजारनी पड़ती है रात

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

मुसाफिरों, राहगीरों और गरीबों के सिर छिपाने के लिए नगर में कोई व्यवस्था नहीं है। नगरीय व्यवस्था के तहत आम तौर पर नगरों में रैन बसेरा होता है, लेकिन कसरावद में ऐसी कोई सुविधा नहीं है। नगर परिषद द्वारा मुहैया करायी जाने वाली महत्वपूर्ण सुविधाओं में से एक - रैन बसेरा का निर्माण जब से नपं का गठन हुआ है तब से अभी तक नगर में नहीं हो पाया है। वर्तमान में रैन बसेरा के निर्माण को लेकर नगर परिषद की भी कोई योजना बनती नहीं दिख रही है, जबकि निर्माण नहीं होने पर वैकल्पिक रूप से यह व्यवस्था की जा सकती है। खरगोन जिले की सबसे बडी तहसीलों में शुमार तहसील मुख्यालय में वर्षों से रैन बसेरा का अभाव है। रैन बसेरा नहीं होने से मुसाफिरों व राहगीरों सहित भिक्षावृत्ति करने वाले बुजुर्गो के सिर छिपाने के लिए रात में कोई भी व्यवस्था नहीं है। रैन बसेरा नहीं होने के चलते ठंड, गर्मी, बरसात सभी मौसम में छत के लिए यहां-वहां भटकना पडता है। शीत ऋतु प्रारंभ हो गई है, ऐसे में जरूरतमंद खुले आसमान के नीचे ठिठुरते देखे जा सकते हैं।




### सर्द मौसम में भी खुले आसमान के नीचे बीतते हैं रात

बाहर से आने वाले मुसाफिरों को कडाके की ठंड में भी आसमान के नीचे रात बितानी पडेगीं। कई बार अन्य शहरों से सफर करके आने पर नागरिकों या ग्रामीण क्षेत्रों में जाने वाले ग्रामीणों को उनके गांवो तक पहुंचने के लिए बस या अन्य साधन नहीं मिल पाते हैं। जिसके चलते उन्हे सुबह होने का इंतजार करना पडता है। रैन बसेरा नहीं होने के कारण उन्हें सड़क किनारे बैठकर ही राह बितानी पडती है या फिर सार्वजनिक स्थानों पर समय काटना पड़ता है। पूर्व में कई बार नगर परिषद से रैन बसेरा के निर्माण की मांग भी की गई, लेकिन इस पर कोई योजना अभी तक नहीं बन पाई है।

### दुकानों की चाल बनता है सहारा

बाहरी लोगों को सिर छिपाने को जब छत नहीं मिलती है तो मजबूरन अपना आशियाना बस स्टैंड या गर्मी, ठंड हो या बरसात - मुसाफिर को रात्रि में रूकने के लिए एक मात्र सहारा पुलिस थाने के पास की दुकानों पर बनी व्यापारियों की टीन शेड होता है। यहां भी पुलिस द्वारा अनावश्यक बैठने से इंकार किए जाने पर उन्हें वहां से उठना पडता है। ऐसी स्थिति में यहां-वहां ही भटकना पड़ता है। नगर में बड़ी संख्या में मुसाफिरों को परेशान होना पड़ता है। रात्रि में कई लोग रेलवे स्टेशन पर देखे जा सकते हैं।

### रैन बसेरा बनकर तैयार है

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रैनबसेरा बनकर तैयार हो गया है। जल्द ही शुरू किया जाएगा। वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर बाहर से आने वाले मुसाफिर और भिक्षा मांगने वाले लोगों को भी वहीं ठहरने के इंतजाम किए जाएंगे।

**- कमलेश गोले,**
सीएमओ नगर परिषद कसरावद।

### नगर परिषद का नहीं है ध्यान

*रैन बसेरा जैसी महत्वपूर्ण सुविधा का अभाव है पर ऐसे में भी नगर परिषद का ध्यान इस ओर नहीं है। 15 वार्ड और 30 -35 हजार आबादी वाले नगर में रैन बसेरा का निर्माण नहीं होना परिषद और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता को साफ जाहिर करता है। नगर परिषद द्वारा निर्माण के लिए शासन स्तर की कमी बतायी जाती है, लेकिन वैकल्पिक तौर पर किसी शासकीय भवन में रैन बसेरा स्थापित कर सुविधा मुहैया करायी जा सकती है। पूर्व में मांग करके रैन बसेरा के लिए कवायदें की गई थी, लेकिन फिर यह ठंडे बस्ते में चली गई। अब इसकी सुध नगर परिषद को नहीं है।*

### अस्पताल में भी ठिठुर रहे मरीज और तीमारदार

*अब मौसम साफ होने से पारा लगातार नीचे की ओर जा रहा है और ऐसे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के लिए भर्ती होने वाले मरीजों के साथ आने वाले स्वजनों के लिए सांसद निधि से 10 लाख रुपए खर्च कर रेन बसेरा के दो कमरे बनाकर छोड़ दिए गए, उनमें कंबल तक की व्यवस्था नहीं की गई , जबकि इसका काम करने वाली एजेंसी नगर परिषद के सब इंजीनियर का का कहना है कि काम पूरा कर दिया गया, जबकि यहां मरीजों के परिजनों को ठंड में असुविधा का सामना करना पड़ता है।*